# एस.एल.ए.- सी.जी.एफ

## प्रस्तावना –

**इस एप्लीकेशन का प्रयोग बेस लाइन डेटा की प्रविष्टी के लिए किया जाना है | यह एप्लीकेशन सारे एंड्राइड फ़ोनों पर चलाया जा सकता है | प्रस्ताव यह है कि जो अध्यापक पुस्तकों की जाँच करेंगे वही डेटा एंट्री भी करेंगे | निम्न बिंदुओं का पालन किया जाना आवश्यक है -**

1 – जिस संकुल में उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच हो रही है उसी संकुल में डेटा की प्रविष्टी की जाएगी|


2- एक संकुल में उपलब्ध सारे स्मार्ट फ़ोन में यह एप्लीकेशन इनस्टॉल किया जा सकता है|




1- पहली बार एप्लीकेशन प्रारंभ करने पर (1) पॉपअप आएगा | **Allow** बटन को क्लिक करें| यह पॉपअप दूसरी बार प्रारंभ करने पर नहीं आएगा |





जैसे ही आप एप्लीकेशन शुरू करते हैं यह स्क्रीन आपको दिखाई देगी | यह स्क्रीन 2 सेकेंड के लिए दिखाई देगी |




1 C.A.C. कोड या मोबाइल नंबर प्रविष्ट करें |




1 **O T P प्राप्त करें – C.A.C.** कोड प्रविष्ट करने के पश्चात् **"O T P** प्राप्त करें"बटन को क्लिक करें| इस बटन को क्लिक करते ही **O T P (one time password)** क्लस्टर हेड के मोबाइल में प्राप्त होगा | यह **O T P निर्धारित समय के लिए वैध होगा | जितने भी मोबाइल एक क्लस्टर के अंतर्गत डेटा एंट्री के लिए उपयोग में लाये जा रहे हैं उन सारे मोबाइल में यह** O T P **काम आएगा** |




1 अलर्ट- O T P बटन को क्लिक करने के पश्चात् यह अलर्ट मेसेज बॉक्स दिखाई देगा| जिससे इस बात की पुष्टि होगी कि O T P संबंधित मोबाइल में भेज दिया गया है|

2 - सही- अलर्ट मेसेज बॉक्स को बंद करने के लिए “सही”बटन को क्लिक करें|




1- यदि आपको प्राप्त O T P सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया हो तो (1) स्क्रीन आपको दिखाई देगी |

2- यदि आप स्वयं के क्लस्टर का स्कूल डाटा डाउनलोड करना चाहते हैं तो (2) विकल्प का चयन करें|

3- यदि आप अन्य क्लस्टर का स्कूल डाटा डाउनलोड करना चाहते हैं तो

(3) विकल्प का चयन करें




1- यदि आप स्वयं के क्लस्टर का स्कूल डाटा डाउनलोड करना चाहते हैं तो (1) रेडियो बटन को क्लिक कीजिये|

2- विकल्प का चयन करते ही आपको संकुल क्रमांक (2) दिखाई देगा |


3- उपरोक्त समस्त जानकारी दिखने के पश्चात् "सबमिट करें" (3) बटन को क्लिक करें |





1- यदि आप अन्य क्लस्टर का स्कूल डाटा डाउनलोड करना चाहते हैं तो (1) रेडियो बटन को क्लिक कीजिये|

2- (2) दर्शाये गए स्थान पर C.A.C. क्रमांक प्रविष्ट करें |

3- उपरोक्त समस्त जानकारी प्रविष्ट करने के पश्चात् "सबमिट करें" (3) बटन को क्लिक करें |





1- यदि आपका डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड हो जायेगा तो (1) मेसेज दिखाई देगा| सही पर क्लिक करें |





1- अगर आपको स्कूल का **UDISE** कोड पता हो तो उसे (1) सर्च बॉक्स में डालकर प्रविष्ट करें |

2- स्क्रीन पर ये  (2) डाउनलोड बटन दिखेगा.आप अपने स्कूल की पहचान कर डाउनलोड बटन को क्लिक कर छात्रों का डेटा डाउनलोड कर सकते हैं|

3- इसी प्रकार अपने संकुल के सारे स्कूलों का डेटा (3) डाउनलोड कर सकते हैं|




1- यदि आपका डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड हो जायेगा तो (1) मेसेज दिखाई देगा | सही पर क्लिक करें |





1- एक बार स्कूल का डाटा डाउनलोड होने के बाद यह रिफ्रेश बटन 1 दिखाई देगा | इस बटन का उपयोग आप डाटा को दोबारा डाउनलोड करने के लिए कर सकते हैं|

2- होम – होम 2 मेनू में क्लिक करके आप होम पेज में जा सकते है |





एक बार होम बटन दबाने के बाद यह होम स्क्रीन आपके सामने आएगी, हमें **option** 2 का चयन करके बेसलाइन असेसमेंट के डाटा की एंट्री करना है |

1- विद्यार्थी का डाटा प्राप्त करने के लिए 1 बटन का चयन करें |
2- बेसलाइन असेसमेंट डाटा एंट्री करने के लिए 2 बटन का चयन करें |
3- डेटा सिंक करने के लिए 3 बटन का चयन करें |
4- शेष विद्यार्थियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए 4 बटन का चयन करें |





एक बार “बेस लाइन असेसमेंट डाटा एंट्री” वाला बटन क्लिक करने के बाद यह स्क्रीन आएगी|

1- जिस स्कूल का UDISE कोड आपने डाउनलोड किया है उस स्कूल का चयन (1) ड्रापडाउन मेनू में करें |
2- जिस कक्षा का डाटा प्रविष्ट करना है उस कक्षा का चयन (2) से करें |
3- जिस पेपर का डाटा प्रविष्ट करना है उस पेपर का कोड तथा नाम का चयन (3) से करें |





**1- जो भी UDISE अपने-अपने क्लस्टर के लिए डाउनलोड किये होंगे वो ड्रापडाउन में दिख जायेंगे | सही स्कूल का चयन करना बहुत जरुरी है |**





2- जैसे ही आप सही स्कूल का चयन कर लेंगे स्कूल का नाम (2) फील्ड में दिखने लगेगा|


3- इसके बाद सही कक्षा का चयन करने के लिए आपको (3) फील्ड के ड्रापडाउन मेनू को क्लिक करना होगा|





4- कक्षा का चयन करने के बाद 4 ड्रापडाउन मेनू से जिस पेपर की डाटा इंट्री करनी है उसका चयन करना है|





1- स्कूल, कक्षा और पेपर का चयन करने के बाद "डाटा इंट्री के माध्यम से " (1) बटन को क्लिक करें|




1- (1) फील्ड में विद्यार्थी की आईडी प्रविष्ट करें|





1- विद्यार्थी की आईडी प्रविष्ट करने के पश्चात् "खोजे" (1) बटन को क्लिक करें|




1- खोजे बटन को क्लिक करने के पश्चात् विद्यार्थी का नाम 1 में दिखाई देगा|


2- आगे जाने हेतु 2 बटन को क्लिक करें|

3- यदि आपको लगता है कि आपसे डाटा एंट्री करते समय कोई गलती हो गई है तो आप 3 "वापस जाए" बटन क्लिक करके स्कूल, कक्षा और पेपर का सही चयन दोबारा कर सकते हैं|




1- यदि आपको (1) मेसेज दिखाई देता है तो विद्यार्थी की ID और नाम उत्तर पुस्तिका से पुन: जाँच लें |

2- अगर वह सही है तो आगे जाए (2) बटन को क्लिक करें |




1- विद्यार्थी के अंक प्रविष्ट करने हेतु 1 स्क्रीन दिखाई देगी|

2- प्रत्येक प्रश्न में जितने अंक आये हैं उन्हें 2 टच माध्यम से प्रविष्ट करें| एक बार बटन टच करने पर बटन का रंग बदल जायेगा और आपकी प्रविष्टि एप में अंकित हो जाएगी| यदि आप अपनी प्रविष्टि को निरस्त करना चाहते हैं तो उसी बटन को पुन: क्लिक करें| यदि विद्यार्थी ने कोई भी उत्तर नहीं दिया है तो उस प्रश्न में प्रविष्टि नहीं किया जावे|

3- समस्त प्रश्नों की प्रविष्टियां संपन्न करने के पश्चात् **next** 3 बटन को क्लिक करें |





1- समस्त प्रश्नों की प्रविष्टियां संपन्न करने के पश्चात् आपको अंतिम स्क्रीन में next की जगह “सबमिट” 1 बटन दिखेगा| सबमिट बटन क्लिक करें|





1- यदि आपकी सभी प्रविष्टियां सही है तो "सबमिट करें" 1 बटन को क्लिक करे


2- यदि आपको लगता है की डेटा एंट्री करते समय कोई त्रुटी हुई है तो "निरस्त करें" 2 बटन को क्लिक करें |




1- निरस्त करने के पश्चात् "प्रीवियस बटन" (1) को क्लिक कर प्रविष्टियों में सुधार किया जा सकता है|





1- यदि आपकी सभी प्रविष्टियां सही है तो "सबमिट करें" (1) बटन को क्लिक करें |




1- एक विद्यार्थी का डाटा सबमिट करने के पश्चात् यह स्क्रीन फिर से दिखाई देगी | (1) अगले विद्यार्थी की ID प्रविष्ट करें |
2- यदि सारे विद्यार्थियों का डेटा प्रविष्ट किया जा चुका है तो "वापस जाएँ" (2) बटन पर क्लिक करें |





1- वापस जाएँ बटन क्लिक को क्लिक करने के बाद (1) स्क्रीन दिखाई देगी दोबारा वापस जाएँ बटन क्लिक करें |





1- एक बार डेटा दर्ज हो जाने के बाद (1) आपको कितने विद्यार्थियों का डेटा ऑफलाइन प्रविष्ट किया गया है पता चलेगा| इस डेटा को आप एक साथ सिंक कर सकते हैं | सिंक करते समय इंटरनेट से जुड़ा होना जरुरी है|





1- डेटा सिंक बटन क्लिक करने के बाद 1 पॉपअप आपके सामने आएगा | हाँ पर क्लिक करें |





1- यदि आपका डेटा सही ढंग से सिंक हो गया है तो (1) पॉपअप आपके सामने आएगा | सही बटन पर क्लिक करें |




1- कितने विद्यार्थियों का डेटा आप सिंक कर चुके हैं वो (1) रिपोर्ट बटन क्लिक कर देख सकते हैं|





1- रिपोर्ट बटन क्लिक करने के बाद (1) स्क्रीन आपको दिखाई देगा| "पेपर कोड अनुसार दर्ज की गई विद्यार्थियों की संख्या" बटन को क्लिक करें|




1

1- जितने विद्यार्थियों का डेटा सिंक हुआ है उनकी संख्या पेपर की हिसाब से

1 दिखेगी|




1- वापस होम स्क्रीन पर जाने के लिए (1) बटन क्लिक करें |